भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न सं. †*204
सोमवार, 15 दिसंबर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कर्नाटक स्थित शबरीकोला गांव का विकास

†*204. श्री जगदीश शट्टरः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क्या सरकार की कर्नाटक के बेलगावी जिले के रामदुर्ग तालुका के पवित्र गांव शबरीकोला को इसके पौराणिक महत्व को ध्यान में रखते हुए विकसित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री जगदीश शट्टर द्वारा कर्नाटक स्थित शबरीकोला गांव के विकास के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*204 के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ परामर्श से और विभिन्न योजनाओं तथा पहलों के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना के विकास द्वारा राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

कर्नाटक के बेलगावी जिले के रामदुर्ग तालुका में स्थित पवित्र गांव शबरीकोला के विकास संबंधी कोई प्रस्ताव मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है। तथापि, मंत्रालय ने कर्नाटक के बेलगावी जिले में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

योजना का नाम	**परियोजना का नाम/स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
प्रशाद	रेणुकायाल्लमा देवी मंदिर का विकास (2024-25)	18.37
पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना)	बेलगावी में सावदत्ती याल्लमागुड़म का विकास (2024-25)	100.00

*****